दिन–बुधवार दिनांक– 31 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत ने दो हजार पच्चीस में सुधार की रफ्तार पकड़ ली है और वैश्विक आकर्षण केंद्र के रूप में उभर रहा है।

02. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम से सात निश्चय योजना–तीन को मिलेगी नई रफ्तार।

03. पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड के डाउन ट्रैक पर कल तीसरे दिन ट्रेनों का परिचालन शुरू। अप लाइन पर अब भी परिचालन बाधित।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले एक पखवाड़े से कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित। अगले पांच दिनों तक राहत के कोई आसार नहीं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने सुधार की रफ्तार पकड़ ली है और वैश्विक आकर्षण केन्द्र के रूप में उभर रहा है। सोशल मीडिया पर साझा लेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर आशा और विश्वास से देख रहा है और अगली पीढ़ी के सुधारों से गतिमान प्रगति की सराहना कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जनसांख्यिकी, युवा पीढ़ी और देशवासियों का अदम्य संकल्प इस सुधार के मूल में है। एक रिपोर्ट...

---रिपोर्ट---

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 भारत के लिए सुधारों के वर्ष के रूप में याद किया जाएगा। इस वर्ष विभिन्न सेक्टर में महत्वपूर्ण बदलाव हुए जिनसे देश की विकास यात्रा को गति मिली। सरकार ने संस्थाओं को आधुनिक बनाया, शासन को सरल और सुगम बनाया तथा समावेशी विकास की नींव मजबूत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रम कानूनों और व्यापार समझौतों से लेकर साजोदृसामान, ऊर्जा और बाजार सुधारों तक भारत की विकास यात्रा विश्वसनीयता, स्थायित्व और भरोसे पर निर्मित रही है। इन कदमों से 2047 तक विकसित भारत के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। दिल्ली से अक्षित की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शशांक कुमार।

---

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने वर्ष दो हजार पच्चीस को जीवन सुगमता और कार्य सुगमता सुनिश्चित करने के लिये लागू शासन सुधारों को समर्पित किया है। नई दिल्ली में वर्षांत संवाददाता सम्मेलन में डॉ. सिंह ने यह बात कही।

———बाइट———

यह वर्ष सुशासन सुधारों को समर्पित रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों के लिए जीवन को सुगम बनाना है। जब हम 'जीवन सुगमता' की बात करते हैं, तो यह भी उतना ही आवश्यक है कि सेवाएं प्रदान करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 'कार्य सुगमता' भी सुनिश्चित हो। इसी सोच के तहत मंत्रालयों और कार्यालयों में कार्य–अनुकूल वातावरण विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह मूल भावना उस लक्ष्य को साकार बनाना है, जिसकी नींव शुरुआत में ही रखी गई थी।

---

वर्ष दो हजार पच्चीस भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक वर्ष रहा है। इस वर्ष कई नीतियों का देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान रहा और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। हमारी विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में आज हम चर्चा कर रहे हैं– दो हजार पच्चीस में भारत किस तरह दुनिया के नए उत्पादक देश के रूप में उभरा।

———रिपोर्ट———

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि विकसित भारत– जी राम जी योजना से आधारभूत संरचनाओं के निर्माण को नई रफ्तार मिलेगी। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि इससे सात निश्चय योजना– तीन के कार्यान्वयन में भी तेजी आएगी।

———बाइट———

---

राज्य सरकार ने किसानों के निबंधन का काम मिशन मोड में पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने एग्री स्टैक की प्रगति की समीक्षा के दौरान निबंधन का कार्य विकास आयुक्त की निगरानी में संपन्न कराने को कहा। किसानों के निबंधन का उद्देश्य उन्हें सही समय पर कृषि योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

---

पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड के डाउन ट्रैक पर ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया है। दुर्घटना के तीसरे दिन कल शाम सबसे पहले झाझा से धनबाद के लिए मालगाड़ी को रवाना किया गया। अप लाइन पर परिचालन बहाल करने के लिए

युद्धस्तर पर काम जारी है। आसनसोल रेल मंडल के जनसम्पर्क पदाधिकारी बिपला बौउरी ने बताया कि अभी नियंत्रित गति से ट्रेन परिचालन शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि अप लाइन पर भी जल्द ही ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले एक पखवाड़े से कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। घने कुहासे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात भी बाधित हुआ है। आज सुबह राज्य के उत्तर–पूर्वी, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर घना से अत्यधिक घना कुहासा छाया रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि पांच दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर भीषण शीत दिवस की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, कल राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई जगहों पर शीत दिवस का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

---

प्रदेश के सभी जिलों में वाहनों के निबंधन और ड्राइविंग लाईसेंस से संबंधित लंबित मामलों के निपटारे के लिए आज विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिविर में लंबित लगभग दो लाख पच्चीस हजार ऐसे मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वे स्वयं पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे।

———बाइट———

---

प्रदेश में वर्ष दो हजार पच्चीस की विदाई और दो हजार छब्बीस के स्वागत के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। नये साल के स्वागत और जश्न को लेकर लोगों में उत्साह है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने भी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। पटना में नए साल पर भीड़ प्रबंधन को लेकर यातायात व्यवस्था में कई बदलाव किये गये हैं। ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जाम से निजात दिलाना और लोगों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों से सावधानी से वाहन चलाने की अपील की।

———बाइट———

---

विशेष निगरानी इकाई ने आरा सदर प्रखंड कार्यालय से पंचायत सचिव जितेन्द्र प्रसाद को दस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पंचायत सचिव जन्म प्रमाण पत्र बनाने के एवज में शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

---

गया जंक्शन पर पदस्थापित चार जीआरपी जवानों को एक यात्री से सोने के बिस्किट छिनने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। साथ ही रेल थानाध्यक्ष के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करते हुए उनके निलंबन का प्रस्ताव भेजा गया है।

---

पटना जिले के रूपसपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने छह महिला शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन महिलाएं उत्तर प्रदेश और दो महिलाएं मध्य प्रदेश की रहने वाली हैं।

---

नवादा जिले के बुधौल गांव में पुलिस ने एक साइबर ठग के घर छापेमारी कर उनासी एटीएम कार्ड, चार बोतल शराब और एक कार बरामद की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

गुवाहाटी में खेले जा रहे हॉकी इंडिया, अस्मिता लीग में बिहार की महिला टीम ने एकरफा मुकाबले में त्रिपुरा को अट्ठाईस–शून्य से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली है।

रांची में संपन्न राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने तीस पदक अपने नाम किये।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – राज्य के स्कूलों और बच्चों के विकास की योजना तैयार होगी। बच्चों की दक्षता रिपोर्ट, सत्तर हजार हेडमास्टर बनाएंगे।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी विज्ञान को समझने का है आधुनिक केंद्र।

प्रभात खबर ने लिखा है – दरभंगा और मधुबनी की चीनी मिलों को अब सरकार चलाएगी, मास्टर प्लान तैयार, कैबिनेट से मंजूरी के बाद शुरू होगा काम।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – बिहार में रेंगती रफ्तार – पंद्रह साल में अधूरा पुल, मुआवजा– जमीन के पेंच में फंसे प्रोजेक्ट।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं – राज्य सरकार ने किया बड़ा प्रशासनिक फेर–बदल, पंद्रह आईएएस अफसर को नई जिम्मेदारियां।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत ने दो हजार पच्चीस में सुधार की रफ्तार पकड़ ली है और वैश्विक आकर्षण केंद्र के रूप में उभर रहा है।

02. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम से सात निश्चय योजना–तीन को मिलेगी नई रफ्तार।

03. पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड के डाउन ट्रैक पर कल तीसरे दिन ट्रेनों का परिचालन शुरू। अप लाइन पर अब भी परिचालन बाधित।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले एक पखवाड़े से कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित। अगले पांच दिनों तक राहत के कोई आसार नहीं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।